सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 12 अंक : 17 | इंदौर, गुरुवार 06 अगस्त, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

असम CRPF कैंप में गोलीबारी

## 3 जवान शहीद

● आज राजकीय सम्मान से होगा अंतिम संस्कार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट, एजेंसी। असम के नागांव जिले के कटिमारी स्थित 34वीं बटालियन सीआरपीएफ कैंप में मंगलवार को गोलीबारी हुई। जिसमें जवान शहीद हो गए। गोलीबारी की घटना में बालाघाट के हेड कांस्टेबल विष्णु प्रसाद बघेल शहीद हो गए। उनका पार्थिव शरीर आज गुरुवार को गृहग्राम पहुंचेगा, जहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।**

घटना 4 अगस्त की सुबह करीब 7:30 बजे की है। सीआरपीएफ के अनुसार, आंध्र प्रदेश निवासी एएसआई बल्लानी प्रेमाबरम ने गार्ड रूम से इंसास राइफल लेकर बैरक और क्वार्टर गार्ड की ओर फायरिंग कर दी। घटना में एसआई रामनवाल सिंह यादव और हेड कांस्टेबल विष्णु प्रसाद बघेल की मौत हो गई। फायरिंग के बाद आरोपी एएसआई ने खुद को भी गोली मार ली। घटना में एएसआई माने गोबिंद घायल हुए हैं।शहीद विष्णु बघेल के पेट में गोली लगी थी। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पदोन्नति के बाद उनका हाल ही में भोपाल की 107वीं बटालियन से असम की 34वीं बटालियन में तबादला हुआ था।

### इकलौते बेटे की शहादत से परिवार सदमे में

शहीद विष्णु बघेल अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र थे। उनके पिता पैरालिसिस से पीड़ित हैं, जबकि मां कैंसर का इलाज करा रही हैं। परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद गांव और पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। आज गुरुवार को उनके पैतृक गांव भीकेवाड़ा (शेरपार) में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## भाजपा सरकार में भी टीएमसी स्टाइल की 'टोलाबाजी'

● बंगाल में हो रही जबरन वसूली; 22 सस्पेंड

**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन तो हो गया, लेकिन पुरानी राजनीतिक संस्कृति अब भी नई बीजेपी सरकार का पीछा नहीं छोड़ रही है। राज्य में सरकार बने अभी तीन महीने भी पूरे नहीं हुए हैं कि बीजेपी नेताओं पर टीएमसी के दौर जैसी 'टोलाबाजी' यानी जबरन वसूली और 'कट मनी' लेने के गंभीर आरोप लगने लगे हैं। एक तरफ सरकार इस रंगदारी और वसूली संस्कृति को खत्म करने के भरपूर प्रयास कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसके नतीजे फिलहाल सिफर ही नजर आ रहे हैं। इस मुद्दे ने पार्टी के भीतर कलह और गुटबाजी को भी हवा दे दी है, जिससे सरकार की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

### भाजपा ने जबरन वसूली के आरोपों पर 22 पदाधिकारियों को निलंबित किया

भाजपा ने पश्चिम बंगाल में सत्ता में आने के बाद से संगठनात्मक स्तर पर सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए जबरन वसूली और अनुशासनहीनता के आरोपों में अपने 22 पदाधिकारियों को निलंबित कर दिया है, जिनमें कई मंडल अध्यक्ष भी शामिल हैं। पार्टी सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह अनुशासनात्मक कार्रवाई पार्टी के राज्य नेतृत्व द्वारा कार्यकर्ताओं को 'जबरन वसूली की संस्कृति' न अपनाने की सार्वजनिक चेतावनी देने के कुछ हफ्ते बाद की गई है। नेतृत्व ने कहा था कि भाजपा सरकार में ऐसी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि निलंबित नेता संगठन के अलग-अलग स्तरों से थे और उन पर जबरन वसूली, तृणमूल कांग्रेस के कार्यालयों पर जबरन कब्जा करने की कोशिश, विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं से कथित तौर पर संबंध रखने और पार्टी-विरोधी अन्य गतिविधियों में शामिल होने के आरोप थे। यह कार्रवाई राज्य इकाई द्वारा पिछले तीन महीनों में शुरू की गई व्यापक अनुशासनात्मक कवायद का हिस्सा है।

● 'मुख्यमंत्री डॉ. यादव का सांदीपनि विद्यालय में छात्र संवाद'

# विद्यार्थियों के चेहरे पर मुझे दिखता है भारत का भविष्य : मुख्यमंत्री

**अनुशासन, आत्मविश्वास और मेहनत तय करती है मंजिल**

● मुख्यमंत्री ने निभाई मास्टर ट्रेनर की भूमिका, विद्यार्थियों को दिये सफलता के टिप्स





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि "मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की वह कुंजी है, जो विद्यार्थियों को उनकी मंजिल तक पहुँचाती है। आज इन युवाओं के चेहरों पर ही मुझे भारत का उज्ज्वल भविष्य दिखाई देता है।" यह बात मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को टी.टी. नगर स्थित कमला नेहरू सांदीपनि शासकीय कन्या विद्यालय में छात्राओं और शिक्षकों के साथ आयोजित आत्मीय संवाद कार्यक्रम में कही।

विद्यालय में संवाद के दौरान 'मास्टर ट्रेनर' की भूमिका में नज़र आए। उन्होंने छात्राओं को सफलता के अनमोल टिप्स दिए और भरोसा दिलाया कि 'आज का विद्यार्थी ही कल का भारत है'। विद्यार्थियों के हर सपने को साकार करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने में युवा वर्ग की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि अमृतकाल की यह युवा पीढ़ी ही प्रदेश और देश को प्रगति की नई ऊँचाइयों पर ले जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश का अमृतकाल चल रहा है। आज के युवा देश की अमृत पीढ़ी हैं, देश के नवनिर्माता हैं। वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का सपना युवा वर्ग मिलकर ही पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि आज यदि युवा के पास कुछ कर गुजरने के बड़े सपने हैं, तो मैं खुद और हमारी पूरी सरकार आपके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने सपने को पूरा करने के लिए जी-तोड़ मेहनत कीजिए, क्योंकि भविष्य का मध्यप्रदेश और विकसित भारत का सपना आपकी मेहनत से ही साकार होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कमला नेहरू सांदीपनि कन्या शासकीय विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं, लायब्रेरी, संगीत कक्ष, प्रयोगशाला कक्ष सहित अन्य व्यवस्थाओं का मुआयना किया। विद्यालय की बालिकाओं ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पौधा भेंटकर स्वागत किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मैं भी ऐसे ही किसी सरकारी विद्यालय में ही पढ़ा हूं। हमारे समय में स्कूलों में इतनी सुविधाएं नहीं होती थीं। भारत को अपनी शिक्षा व्यवस्था और ज्ञान के बल पर विश्व में सम्मान मिलता है। भारत का अर्थ है कि जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने में लीन हो। इसी प्रकार गुरु भी हमें अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का मार्ग दिखाते हैं। भारतीय संस्कृति जियो और जीने दो, वसुधैब कुटुम्बकम की संस्कृति है। भारतीय गुरूकुल परंपरा और शिक्षा व्यवस्था का गौरवशाली इतिहास रहा है। भारत के अलावा दुनिया में कई ऐसे देश हैं, जो आर्थिक रूप से ज्यादा शक्तिशाली हैं, लेकिन सिर्फ धन से देश नहीं चलता है। देश जीवन मूल्यों और संस्कारों के साथ आगे बढ़ता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे सांदीपनि विद्यालय इस वक्त देश के सबसे अच्छे विद्यालय हैं। अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि इस कमला नेहरू स्कूल की 58 छात्राएं मेरिट में उत्तीर्ण हुई हैं। आज निजी विद्यालयों के बच्चे भी सांदीपनि विद्यालयों में आने के लिए लालायित हैं। बच्चे पढ़-लिखकर डॉक्टर, इंजीनियर, सेना में अफसर बनें। विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में भी आगे बढ़ने की आवश्यकता है। अगर देश के लोकतंत्र को जीवित रखना है तो राजनीति में भी आने पड़ेगा। युवा शिक्षित होकर कृषि, पशुपालन और फूड प्रोसेसिंग के माध्यम से आगे बढ़ें। देश और प्रदेश को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाएं। राज्य सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाएं तैयार की हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश की नई शिक्षा यात्रा के बारे में सरकार के प्रयासों की जानकारी भी बालिकाओं को दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांदीपनि विद्यालय केवल एक स्कूल नहीं, यह विद्यार्थियों भविष्य गढ़ने की प्रयोगशालाएं हैं। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में पहले चरण में स्कूल शिक्षा विभाग के 274 सांदीपनि विद्यालय और जनजातीय कार्य विभाग के 94 सांदीपनि विद्यालय सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। दूसरे चरण में प्रदेश में स्कूल शिक्षा के 200 नए सांदीपनि विद्यालय और जनजातीय कार्य विभाग के 205 नए सांदीपनि विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में आमूल-चूल परिवर्तन लाकर हम सब एक नया मध्यप्रदेश और नया भारत गढ़ने जा रहे हैं।

### बाल कैबिनेट की दी जानकारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को कमला नेहरू सांदीपनि विद्यालय की छात्राओं ने विद्यालय में संचालित बाल कैबिनेट की जानकारी दी। बाल कैबिनेट में यहां की छात्राएं स्पोर्ट्स मिनिस्टर, कल्चरल मिनिस्टर, डिसीप्लिन मिनिस्टर जैसे दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करती हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छात्राओं से बाल कैबिनेट की मीटिंग्स, कार्यकाल की अवधि, चयन प्रक्रिया और व्यवस्थाओं के संचालन के बारे में भी चर्चा की।

### छात्राओं से आत्मीय संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छात्राओं से पूछा- 'किताब से कल तक' विषय का क्या अर्थ है। इस पर छात्रा कुमारी एकता राजौरिया ने बताया कि 'किताब से कल तक' का अर्थ यह है कि आज बच्चे जो कुछ पढ़ रहे हैं, उसका जीवन में क्या महत्व है। आज हम जो पढ़ रहे हैं, वहीं भविष्य को साकार बनाएगा।

**प्र. छात्रा प्रिंसी वर्मा - माननीय क्या आप चैट-जीपीटी का प्रयोग करते हैं, यदि हां तो क्या सर्च करते हैं ?**

**उ.** मुख्यमंत्री डॉ. यादव- मैं किसी कार्यक्रम के विषय पर वर्तमान परिदृश्य में क्या नई चीजें हैं, उन्हें सर्च करता हूं। जो हमें अपने भाषण में शामिल करना चाहिए। लेकिन चैट-जीपीटी हो या ग्रोक्स, जिसने भी एआई टूल्स हों, ये आखिरी नहीं है। एआई का उपयोग करें, लेकिन स्वयं का दिमाग भी लगाएं और आंकड़ों को क्रॉस चेक जरूर करें।

**प्र. छात्रा लारा खत्री- क्या आप इंस्टाग्राम यूज करते हैं और किसे फॉलो करते हैं**

**उ.** मुख्यमंत्री डॉ. यादव- सोशल मीडिया के जमाने में हर राजनेता को वर्तमान जरूरतों के साथ चलना पड़ता है। इंस्टाग्राम भी हमें इस्तेमाल करना पड़ता है। मैं पीएम सर को फॉलो करता हूं।

**प्र. छात्रा एकता राजौरिया- सिलेबस के साथ और कौन सी पुस्तकें पढ़ें, जो हमारे सामान्य ज्ञान को बढ़ाएं ?**

**उ.** मुख्यमंत्री डॉ. यादव- पाठ्यक्रम की पढ़ाई के अलावा हमें अपने जीवन का लक्ष्य तय करके आगे बढ़ना चाहिए। टारगेट से जुड़े विषयों के अध्ययन पर ध्यान देना चाहिए। ईश्वर ने हमें विशेष गुण दिया है कि जो जैसा सोचता है, वैसा बन जाता है। मैंने नौकरी नहीं की, खेती की और व्यवसाय किया। बेटी को डॉक्टर बनाया। आप भी अपने छोटे भाई-बहनों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें।

**प्र. छात्रा आयोध्या- आपने डॉक्टरेट (पीएचडी) तक की पढ़ाई की और खेल विधा में पारंगत होने के लिए कैसे बैलेंस किया ?**

**उ.** मुख्यमंत्री डॉ. यादव- विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रम की पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के लिए भी समय निकालें। अपनी दिनभर की दिनचर्या निर्धारित करें। इसमें खेलकूद के लिए भी टाइम दें। सोच-विचार के लिए थोड़ा खाली समय भी निकालें। मैं सीएम हाउस में रहते हुए भी नियमित स्वाध्याय करता हूं। डायरी लिखता हूं और आगे करने वाले कार्यों की लिस्ट बनाता हूं। पिछले कार्यों का मूल्यांकन भी करता हूं। जब मैं उज्जैन विकास प्राधिकरण का चेयरमैन बन गया, तब भी राजनीति शास्त्र में एमए किया। उसके बाद इसी विषय में पीएचडी भी कर ली। मैंने पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन रखते एमबीए भी किया। जीवन में पढ़ाई का दौर चलते रहना चाहिए।

इंदौर में 'विद्या शक्ति' अभियान का पायलट प्रोजेक्ट शुरू

# एआई की मदद से बदलेगी पढ़ाई की तस्वीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंदौर जिले में 'विद्या शक्ति' अभियान के अंतर्गत एक अभिनव पायलट परियोजना प्रारंभ की गई। प्रथम चरण में कक्षा 6 से 8 तक के शिक्षकों को एआई आधारित शिक्षण पद्धति का प्रशिक्षण आज बाल विनय मंदिर में दिया गया। इस अवसर पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि एआई के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी, रोचक और परिणामोन्मुख बनाया जाएगा।**



कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि आईआईटी चेन्नई की टीम के सहयोग से जिले में शिक्षण की पारंपरिक पद्धति में नवाचार किया जा रहा है। एआई आधारित एप की सहायता से शिक्षक अपने लेक्चर प्लान, क्लासवर्क, होमवर्क तैयार करने, विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं का विश्लेषण करने तथा मूल्यांकन को अधिक व्यवस्थित बनाने जैसे कार्य आसानी से कर सकेंगे। इससे शिक्षकों का समय बचेगा और वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर अधिक ध्यान दे सकेंगे। उन्होंने बताया कि एआई के माध्यम से विज्ञान और गणित जैसे विषयों के जटिल सिद्धांतों को एनिमेशन एवं विजुअल मॉडल के जरिए सरलता से समझाया जा सकेगा। गैस के अणुओं की गति, विद्युत धारा का प्रवाह, रासायनिक प्रक्रियाओं जैसे कठिन विषयों को विद्यार्थी सहजता से समझ सकेंगे, जिससे उनकी अवधारणात्मक समझ मजबूत होगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि फिलहाल इस पहल को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। इसके परिणामों के आधार पर भविष्य में इसे व्यापक स्तर

पर लागू किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद भी आईआईटी चेन्नई की 'विद्या शक्ति' टीम ऑनलाइन माध्यम से शिक्षकों का सतत मार्गदर्शन करेगी तथा प्राप्त फीडबैक के आधार पर इस मॉडल को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करती है। शिक्षक जितना अधिक इस तकनीक का उपयोग करेंगे, उतना ही विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया बेहतर होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इंदौर नवाचारों का अग्रणी शहर है और यह पहल भी शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल बनेगी, जिसे भविष्य में अन्य जिले भी अपनाएंगे।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में प्रदेश में शिक्षा के बुनियादी ढांचे और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को निरंतर सशक्त किया जा रहा है। इंदौर में एआई आधारित यह प्रयोग शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाने वाला साबित होगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, पी. नागराजन (मैनेजिंग ट्रस्टी, ओपन मेंटर ट्रस्ट एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर, विद्या शक्ति) तथा शिवाय सहित संबंधित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत पर बड़ी कार्रवाई

## भूमि संसाधन प्रबंधन के भृत्य कैलाश पालीवाल निलंबित विभागीय जांच के आदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा ने जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए भूमि संसाधन प्रबंधन शाखा में पदस्थ भृत्य (चेनमैन) कैलाश पालीवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही उनके विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश भी जारी किए गए हैं।

जारी आदेश के अनुसार, 4 अगस्त 2026 की जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत में आरोप लगाया गया कि कैलाश पालीवाल ने शिकायतकर्ता से प्लॉट दिलाने के नाम पर लगभग 20 लाख रुपये का सौदा किया तथा विभिन्न तिथियों में 17 लाख रुपये प्राप्त करने के बावजूद प्लॉट उपलब्ध नहीं कराया। शिकायतकर्ता द्वारा इस संबंध में वीडियो रिकॉर्डिंग सहित शिकायत प्रस्तुत की गई।

प्रथम दृष्टया मामले को गंभीर मानते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के तहत कैलाश पालीवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए। साथ ही उनके विरुद्ध विभागीय जांच संस्थित की गई है। जांच के लिए जिला स्तरीय जांच अधिकारी नियुक्त किए गए हैं तथा तहसीलदार, भू-संसाधन प्रबंधन इंदौर को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी बनाया गया है। आदेश के अनुसार निलंबन अवधि में कैलाश पालीवाल को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा तथा उनका मुख्यालय तहसील देपालपुर, जिला इंदौर निर्धारित किया गया है।

# बड़ों की डांट सीख के समान, दूर पास होने का सवाल नहीं उठता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मेयर पुष्यमित्र भार्गव की गिनती मंत्री विजयवर्गीय खेमे में होती है, लेकिन राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि अब भार्गव की निकटता मुख्यमंत्री मोहन यादव से ज्यादा बढ़ गई है। इन बातों को इसलिए भी बल मिला, क्योंकि मेयर भार्गव मंत्री विजयवर्गीय द्वारा बुलाई गई दो बैठकों में गैरमौजूद रहे थे। इस बात को लेकर मंत्री विजयवर्गीय ने मंच पर सार्वजनिक तौर पर तंज भी कसा था।



भाजपा परिषद के चार साल पूरे होने पर मेयर भार्गव ने इस बात पर भी बेबाकी से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मैं सबको सम्मान के साथ लेकर चलने की ताकत रखता हूं। मैंने शहर के अच्छे काम मोहन जी और कैलाश जी से कराए हैं। पिछले 20 साल में विजयवर्गीय ने नगर निगम के कामों में जितनी सक्रियता दिखाई, उतनी पहले कभी नहीं थी। इसका फायदा शहर को मिला। इसके अलावा मुख्यमंत्री मोहन यादव को जो भी प्रोजेक्ट मैंने बताए, वे उन्होंने मंजूर किए। मेयर ने यह भी कहा कि मैं राजनीति में नया हूं। वे बड़े हैं। मान लो, वे कभी कोई बात कह दें या डांट लें, तो वह हमारे लिए सीख है। दूर और पास जाने का सवाल ही नहीं उठता।

मेयर और अफसरों के बीच समन्वय की कमी की बात भी अक्सर चर्चा में रहती है। इस बात पर उन्होंने कहा कि मेरी अफसरों से कभी पटरी नहीं बैठी। पटरी मुझे बैठाना भी नहीं है, क्योंकि मुझे काम कराना है। मैं इसके लिए नहीं आया हूं। यदि वे कुछ गड़बड़ करेंगे तो मैं उन्हें रोकूंगा और डांट भी लगाऊंगा। एक निगमायुक्त ने मेरी जानकारी के बगैर दो-तीन काम किए। झगड़ा हुआ, दुर्भाग्य से भागीरथपुरा कांड हो गया और उनका तबादला हो गया। अफसर जब तक 62 साल नौकरी में हैं, काम तो उनसे ही कराना है। जो ज्यादा गड़बड़ करता है, वह खुद ही ठीक भी हो जाता है।

# रंगवासा और पालिया हेदर में आयोजित शिविरों में 400 से अधिक प्रकरणों का निराकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सुशासन को जन-जन तक पहुंचाने तथा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण के लिए दिए गए निर्देशों के अनुरूप इंदौर जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल करते हुए राजस्व निरीक्षक वृत्त स्तर पर विशेष राजस्व जनकल्याण शिविरों का आयोजन किये जा रहे हैं। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में आयोजित इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को उनके गांव में ही राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा वर्षों से लंबित प्रकरणों का भी प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।**



इसी क्रम में जिले की तहसील हातोद के ग्राम पालिया हेदर तथा राऊ तहसील के ग्राम रंगवासा में राजस्व जनकल्याण शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत की। शिविर में प्राप्त अनेक प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविरों में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, रास्ता संबंधी विवाद, अभिलेखों में त्रुटि सुधार आदि के 440 से अधिक राजस्व प्रकरणों का त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण किया गया। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार बुधवार को तहसील हातोद के वृत्त-03 अंतर्गत ग्राम पालिया हेदर में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अपर कलेक्टर विजय नवजीवन पंवार, एसडीएम राजेश कुमार सिंह, तहसीलदार गोविंद सिंह ठाकुर सहित राजस्व अमला, जनप्रतिनिधि एवं ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर में लगभग 400 किसानों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं रखीं।

शिविर में राजस्व से जुड़े विभिन्न प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया गया। एसडीएम द्वारा इन्द्राज दुरुस्ती के दो तथा अपील के एक प्रकरण का निराकरण किया गया। वहीं तहसीलदार द्वारा नामांतरण के 19, बंटवारे के 4, सीमांकन के 4, बटांकन के 1 तथा अन्य मद के 6 प्रकरणों सहित कुल 37 मामलों का मौके पर निराकरण कर संबंधित किसानों को आदेशों की प्रतियां प्रदान की गईं।

शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं को भी सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। रास्ता विवाद के चार मामलों में स्थल निरीक्षण किया गया, जबकि सीएम हेल्पलाइन की चार शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया गया। राजस्व शिविर के उपरांत एसडीएम राजेश कुमार सिंह ने ग्राम पालिया स्थित सामुदायिक विकास केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा जनसुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

### रंगवासा में आयोजित शिविर में लगभग 400 प्रकरणों का निराकरण

इसी तरह आज राऊ तहसील के के ग्राम रंगवासा में भी राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विधायक मधु वर्मा, एसडीएम लोकेन्द्र सिह सरल, तहसीलदार सतेन्द्र सिंह गुर्जर, राजस्व निरीक्षकगण व तहसील कार्यालय राऊ का समस्त स्टाफ, सरपंच ग्राम रंगवासा एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। राजस्व शिविर में करीब 150 किसान शामिल हुये। एसडीएम राऊ द्वारा शिविर में इन्द्राज दुरूस्ती के 04 प्रकरणों का निराकरण किया गया। अपर तहसीलदार वृत रंगवासा के द्वारा नामांतरण के 303 प्रकरणों, बटवारा एवं बटाकंन के 21 प्रकरण, सीमांकन के 68 प्रकरणों की सुनवाई कर अंतिम आदेश पारित किया गया। इस प्रकार कुल 396 प्रकरणों का शिविर में निराकरण कर आदेशों की प्रति संबधित कृषकों को प्रदान की गई। इनके अतिरिक्त अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं को सुना गया। किसानों की ई. के.वाय. सी एवं फार्मर रजिस्ट्री स्वीकृत की गई एवं व्यवस्थाओं को बेहतर करने के निर्देश दिये गये। शिविर में 01 रास्ता विवाद का प्रकरण का निराकरण किया गया, 06 प्रकरण सीएम हेल्पलाईन के संतुष्टिपूर्वक निराकृत किये गये।

# फर्जी कॉल सेंटर पर दिल्ली पुलिस का छापा, 28 कंप्यूटर जब्त, 6 गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। दिल्ली की द्वारका पुलिस साइबर सेल ने ऑनलाइन धोखाधड़ी में शामिल इंदौर के एक गैर-कानूनी साइबर कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। इसमें इंदौर से 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 28 कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच से पता चलता है कि यह रैकेट बड़े पैमाने पर साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क का हिस्सा था जो अनजान लोगों को अपना शिकार बनाता था। वित्तीय लेन-देन का पता लगाने और इस सिंडिकेट से जुड़े अन्य साथियों की पहचान करने के लिए आगे की जांच चल रही है। पुलिस को हालांकि इस छापे की कोई जानकारी नहीं मिली है।**

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने कहा कि दिल्ली पुलिस की इस कार्रवाई की हमें कोई जानकारी नहीं दी गई है। इस तरह साइबर अपराध करने वाले गैंग देशभर में सक्रिय हैं। अन्य राज्यों की पुलिस अपने स्तर पर जानकारी पुख्ता करने के बाद उन्हें गिरफ्त में लेती है। हाल ही में, सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट स्कैम के खिलाफ उपायों को मजबूत करने के लिए देश भर में कई निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) को 4 सप्ताह के भीतर एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (SOP) बनाने का निर्देश दिया और देश भर में साइबर धोखाधड़ी से जुड़ी शिकायतों के समाधान के सिस्टम को तेजी से लागू करने को कहा। भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी. मोहना की बेंच ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर द्वारा दायर स्टेटस रिपोर्ट पर गौर करने के बाद ये निर्देश जारी किए। बेंच ने सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और कानून लागू करने वाली एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे गृह मंत्रालय के 2 जनवरी के SOP के तहत शुरू किए गए शिकायत निवारण मॉड्यूल और मनी रेस्टोरेशन मॉड्यूल को जल्द से जल्द चालू करें। यह SOP नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल और साइबर RMS से संबंधित है। राज्यों से यह भी कहा गया कि वे डिजिटल अरेस्ट स्कैम और उपलब्ध रिपोर्टिंग व शिकायत निवारण सिस्टम के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाएं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह SOP हर हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए। सभी हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरलों को निर्देश दिया गया कि वे बैंक खाते फ्रीज करने के मामलों से निपटने वाली अदालतों और अधिकारियों को इन शिकायत निवारण सिस्टम के बारे में जानकारी दें, ताकि प्रभावित लोग अपने कानूनी या संवैधानिक अधिकारों पर असर डाले बिना पहले इन उपायों का लाभ उठा सकें।

## कांग्रेस नेताओं ने लगाए पोस्टर...





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम के चार साल पूरे होने के पर कांग्रेस नेताओं ने शहर की बेहाली पर तंज कसते हुए शहर में कुछ पोस्टर लगाए। भाजपा परिषद के चार सालों के कार्यकाल के विरोध में कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं ने 4 साल इंदौर बेहाल अभियान के तहत ये पोस्टर लगाए।**

इस अभियान का नेतृत्व कांग्रेस नेता विवेक खंडेलवाल और गिरीश जोशी ने किया। उन्होंने कहा महापौर लगातार 4 सालों में अभूतपूर्व विकास के दावे करते रहे हैं, जबकि शहर की वास्तविक स्थिति इन दावों से बिल्कुल अलग दिखाई देती है। नसिया रोड से गुजराती स्कूल, जूनी इंदौर, चंद्रभागा, कलाकुई मस्जिद मार्ग सहित कई प्रमुख सड़कें लंबे समय से खुदी हुई या जर्जर हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार इनमें से कुछ रास्तों पर काम सालों से अधूरा पड़ा है, जिससे आम लोगों, व्यापारियों, स्टूडेंट्स और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि वास्तव में विकास हुआ है तो फिर शहर की प्रमुख सड़कें बदहाल क्यों हैं? बरसात के मौसम में जगह-जगह गड्ढे, जलभराव और अधूरे निर्माण काम इंदौर की पहचान बनते जा रहे हैं। करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद लोगों को अच्छी सड़कें और सुगम यातायात उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। उन्होंने पोस्टर के माध्यम से जनता का ध्यान उन समस्याओं की ओर आकर्षित करने का काम किया है।

## कैफे संचालक को चलती बाइक पर मारे चाकू

**इंदौर।** लसूड़िया और खजराना थाना क्षेत्रों में बदमाशों का आतंक सामने आया है। लसूड़िया में मंगलवार देर रात कैफे बंद कर घर लौट रहे एक युवक पर बाइक सवार चार बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। बदमाशों ने पहले रास्ता पूछने के बहाने युवक की गाड़ी धीमी करवाई और फिर वारदात को अंजाम दिया। वहीं खजराना में शराब पीने के लिए रुपए न देने पर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। दोनों मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। लसूड़िया पुलिस ने निरंजनपुर निवासी रजत पटेल के बयान पर चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया है। रजत एलआईजी चौराहे पर 'कप्पा एंड रेस्टो' नाम से कैफे चलाता है। देर रात वह कैफे बंद कर बाइक से घर लौट रहा था। एबी रोड पर जैन मंदिर गेट के पास एक ही बाइक पर सवार होकर आए चार बदमाशों ने पीछे से आवाज दी। रजत ने जैसे ही अपनी बाइक धीमी की, बदमाशों ने देवास नाके का रास्ता पूछा। रास्ता बताने के दौरान बाइक पर सबसे पीछे बैठे बदमाश ने चाकू निकालकर रजत की पीठ में घोंप दिया। हमले के बाद रजत ने तुरंत बाइक की रफ्तार बढ़ाई और घायल हालत में अपने घर पहुंचा।

## 7 केस वाले संजय मराठा को पकड़ा ई-रिक्शा किराए पर देता था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)




**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने अवैध हथियारों की तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान संजय उर्फ संजू मराठा (50) निवासी गुमास्ता नगर के रूप में हुई है। वह प्रॉपर्टी ब्रोकिंग के साथ ई-रिक्शा किराये पर देने का काम करता है। पुलिस आरोपी से हथियारों के स्रोत, सप्लायर और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में पूछताछ कर रही है।

क्राइम ब्रांच के अनुसार, इस मामले में पहले परसराम उर्फ परसिया श्रीवास्तव और सोहेल उर्फ बलबली पटेल को गिरफ्तार किया जा चुका है। दोनों के कब्जे से 4 देसी पिस्टल, 4 मैगजीन, 4 जिंदा कारतूस, एक मारुति स्विफ्ट कार और 3 मोबाइल फोन जब्त किए गए थे। जब्त सामान की कीमत करीब 6 लाख रुपए आंकी गई थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस को संजय मराठा की भूमिका का पता चला था। घटना के बाद से वह फरार था। क्राइम ब्रांच ने मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उसे गिरफ्तार किया। एडिशनल डीसीपी (क्राइम ब्रांच) राजेश दंडोतिया ने बताया, "आरोपी संजय मराठा के खिलाफ वर्ष 2005 से 2020 के बीच 17 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट के अलावा मारपीट, धमकी और अवैध वसूली समेत अन्य धाराओं के केस शामिल हैं। आरोपी आदतन अपराधी है और उसके पुराने रिकॉर्ड को भी जांच में शामिल किया जा रहा है।" क्राइम ब्रांच यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी अवैध हथियार कहां से लाता था और किन लोगों तक उनकी सप्लाई करता था। पुलिस के अनुसार, पूछताछ के आधार पर मामले में जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## बुजुर्ग मां से बेटियों ने की 80 लाख की ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** आजाद नगर थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला ने अपनी दो बेटियों पर 80 लाख रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि पति की मौत के बाद बिजली विभाग से मिले रुपयों को बेटियों ने जालसाजी कर निकाल लिया। पुलिस से कार्रवाई नहीं होने पर पीड़िता ने कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई। कोर्ट के निर्देश पर मंगलवार को दोनों बेटियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। फिरदौस नगर निवासी आयशा उर्फ आशा खान के पति अब्बास खान विद्युत मंडल में सुपरवाइजर थे। अक्टूबर 2012 में हार्ट अटैक से उनका निधन हो गया था। इसके बाद उनके बेटे दिलावर को अनुकंपा नियुक्ति मिली, जबकि विभाग से मिले 80 लाख रुपए चेक के जरिए आयशा के बैंक अकाउंट में जमा हुए थे। आयशा की बेटी मेहरून पढ़ी-लिखी थी, इसलिए बैंक खाते की देखरेख और पासबुक उसी के पास रहती थी। आरोप है कि मेहरून ने धोखाधड़ी करते हुए धीरे-धीरे खाते से पूरे 80 लाख रुपए निकाल लिए। इतना ही नहीं, उसने पिता द्वारा खरीदे गए एक मकान के दस्तावेज भी अपने पास रख लिए और मांगने पर देने से इंकार कर दिया।

## इंदौर से 27 देशों तक जाएगा सर्वधर्म प्रार्थना का संदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गैर-आवश्यक विदेश यात्राएं टालने की अपील का सम्मान करते हुए 11वां ग्लोबल हीलिंग डे इस वर्ष पूरी तरह ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा। पहले यह अंतरराष्ट्रीय आयोजन 11 अगस्त को बैंकॉक स्थित इंडो-थाई चैंबर में होना तय था, लेकिन आयोजकों ने राष्ट्रीय भावना को प्राथमिकता देते हुए विदेश यात्रा स्थगित कर दी। अब "वन ह्यूमैनिटी, वन प्रेयर– वसुधैव कुटुंबकम" थीम पर मंगलवार, 11 अगस्त को रात 8:30 बजे जूम के माध्यम से कार्यक्रम होगा। इसका प्रमुख केंद्र इंदौर रहेगा, जहां से 27 देशों और क्षेत्रों के धर्मगुरु, आध्यात्मिक प्रतिनिधि और नागरिक ऑनलाइन जुड़कर विश्व शांति, मानवता और सर्वधर्म सद्भाव के लिए सामूहिक प्रार्थना करेंगे। आयोजन के संयोजक कृष्ण कांत मिश्रा (कृष्णा गुरुजी) ने कहा कि पूजा, प्रार्थना, दुआ और अरदास की विधियां अलग हो सकती हैं, लेकिन मानवता और विश्व शांति का उद्देश्य एक है। उनका कहना है कि यह पहल किसी एक धर्म का प्रचार नहीं, बल्कि सभी धर्मों को साथ लेकर करुणा, सेवा और भाईचारे का संदेश देने का प्रयास है। आयोजकों के अनुसार ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, थाईलैंड, नेपाल, श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात सहित 27 देशों और क्षेत्रों से प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। सामूहिक सर्वधर्म प्रार्थना के बाद कृष्णा गुरुजी प्रतिभागियों के लिए निःशुल्क व्यक्तिगत आध्यात्मिक हीलिंग सत्र भी करेंगे। आयोजकों ने स्पष्ट किया कि यह आध्यात्मिक सहयोग चिकित्सकीय उपचार का विकल्प नहीं, बल्कि सकारात्मकता और मानसिक संबल बढ़ाने का प्रयास है। पूरा कार्यक्रम सभी प्रतिभागियों के लिए निःशुल्क रहेगा।

जनसमस्याओं और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को उजागर करने वाले साहसी, कर्मठ साथियो की दैनिक अखबार और न्यूज़ चैनल में आवश्यकता है...जो लेखनी और भाषा का दक्ष हो। इच्छुक व्यक्तित्व संपर्क करें -
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
YouTube Detective Group Report
SUBSCRIBE
समाचार और विज्ञापन के लिए संपर्क करें
+91 9111156060

डॉ. यादव ने की पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा

# पंचायतों को सशक्त बनाना आवश्यक : मुख्यमंत्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि व्यवस्थित ग्रामीण विकास और जनकल्याण कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पंचायतों को सशक्त बनाना आवश्यक है। शहरी एवं बड़ी ग्राम पंचायतों के विकास तथा बेहतर प्रबंधन के लिए कार्य योजना बनाई जाए। नगरों के निकट विद्यमान पंचायतों के प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाया जाये ताकि आसपास के क्षेत्र में सड़कें व अन्य अधोसंरचना व्यवस्थित रूप से विकसित हो सके।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अगले वर्ष जल गंगा संवर्धन अभियान और अधिक व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना, ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, वीबी जी राम जी योजना, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा अन्य गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, विभाग की राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह, मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### गौपालकों को प्रोत्साहित किया जाए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुग्ध उत्पादन किसानों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। अतः मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत घरों में गौपालन को भी प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही गो-समितियों को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि कई जिला पंचायत और जनपद पंचायत भवनों का निर्माण आकर्षक और प्रभावी तरीके से किया गया है, जो पंचायत राज संस्थाओं के लिए अनुकरणीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बड़े और बेहतर कार्य कर रहे स्व-सहायता समूहों को लघु उद्योगों तथा एमएसएमई गतिविधियों से जोड़ा जाए।

### ड्रोन से हो रहा ग्रामीण सड़कों की स्थिति का आंकलन

बैठक में बताया गया कि ग्रामीण सड़क विकास के अंतर्गत गुणवत्ता नियंत्रण, संधारण में प्रदेश ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत अधिकतम लंबाई की पूर्णता के लिए भी मध्यप्रदेश, पूरे देश में प्रथम रहा। प्रदेश में ड्रोन तकनीक के माध्यम से ग्रामीण सड़कों की संधारण स्थिति के आंकलन का नवाचार जारी है। वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत प्रदेश में एक लाख 24 हजार कार्यों पर 2 लाख 62 हजार मजदूर दैनिक रूप से कार्यरत हैं। मजदूरों को 18 करोड़ 20 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रदेश के जल संरक्षण कार्यों की सराहना की। उन्होंने सीधी में बने 1500 तालाबों और नरसिंहपुर के अमृत सरोवरों को अनुकरणीय बताया। बैठक में बताया गया कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अंतर्गत प्रदेश में हिन्दी में एसओआर लागू किया गया है, जिससे पंचायत प्रतिनिधियों की तकनीकी दक्षता बढ़ी है।

### 10 हजार 554 ग्राम पंचायतों में आरंभ हुई ऑनलाईन सेवाएं

बैठक में जानकारी दी गई कि सभी 208 ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में वृंदावन ग्राम का चयन किया जा चुका है। तैंतीस जिलों के 135 ग्राम की पंचवर्षीय कार्य योजनाएं तैयार की गई हैं। ग्रामीणों को 10 हजार 554 ग्राम पंचायत भवनों में ऑनलाईन सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिससे 53 हजार 813 भवन अनुज्ञा जारी की गई और टैक्स तथा फीस के रूप में 3 करोड़ 81 लाख रूपए का भुगतान ऑनलाईन प्राप्त किया गया। सोलर विलेज के पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में जनपद पंचायत उज्जैन की सभी 76 ग्राम पंचायतों में गतिविधियां जारी हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत दिसम्बर 2023 से वर्तमान तक प्रदेश में 19 हजार 440 करोड़ रूपए लागत के 16 लाख 20 हजार से अधिक आवास स्वीकृत हुए, जिनमें से 8 लाख 19 हजार आवास पूर्ण किए जा चुके हैं। इसी प्रकार पीएम जनमन आवास योजना में दिसम्बर 2023 से स्वीकृत 1.89 लाख आवासों में से एक लाख 48 हजार आवास पूर्ण कर लिए गए हैं।

## एक्सप्रेस के एसी कोच में लगी आग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** नैनपुर से इंदौर के बीच चलने वाली पेंचवैली एक्सप्रेस ट्रेन के B2 एसी कोच में बुधवार तड़के 4 बजे आग लग गई। कोच में अचानक धुआं निकलने से हड़कंप मच गया। ट्रेन रोककर यात्रियों को तुरंत बाहर निकाला गया। कोच में करीब 72 यात्री सफर कर रहे थे। इनमें बच्चे और महिलाएं भी शामिल थे। घटना इटारसी से पहले पोला पत्थर स्टेशन की बताई जा रही है। गाड़ी नंबर-19344 पेंचवैली एक्सप्रेस भोपाल की ओर आ रही थी। बी2 कोच फुल था और यात्री गहरी नींद में सो रहे थे। धुआं फैलने से उन्हें सांस लेने में तकलीफ होने लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एसी के पैनल से धुआं निकल रहा था। तुरंत चेन खींचकर ट्रेन रोकी गई।

## जीत के बाद कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दतिया, एजेंसी।** उपचुनाव में जीत के बाद कांग्रेस ने बुधवार को विजय जुलुस निकाला। आभार सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि यह जीत जिम्मेदारी निभाने का संदेश है। वहीं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बीना उपचुनाव को लेकर भाजपा को चुनौती दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरी तैयारी के साथ चुनाव मैदान में उतरने के लिए तैयार है। जुलूस किला चौक से शुरू हुआ। इसमें कांग्रेस कार्यकर्ता, समर्थक और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। रास्ते में कई जगह उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।

# लंदन से मां वागदेवी की प्रतिमा लाने की कोशिशें जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल/धार, एजेंसी। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि मां वाग्देवी (सरस्वती) की प्रतिमा को लंदन के एक संग्रहालय से मध्य प्रदेश के धार जिले में स्थित भोजशाला में वापस लाने के लिए राजनयिक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने मई में फैसला सुनाया कि धार में विवादित भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर देवी सरस्वती को समर्पित एक मंदिर है। साथ ही अदालत ने एएसआई के उस आदेश को भी निरस्त कर दिया था, जिसके तहत मुस्लिम समुदाय को परिसर में प्रत्येक शुक्रवार नमाज अदा करने की अनुमति दी गई थी।**

देवी सरस्वती की पूजा हिंदू 'ज्ञान की देवी' के रूप में करते हैं। मामले में फैसला आने के बाद हिंदू पक्ष के याचिकाकर्ताओं ने कहा था कि मां वाग्देवी की प्रतिमा को लंदन के संग्रहालय से वापस लाना आवश्यक है और यह 'कोहिनूर से भी अधिक महत्वपूर्ण' है। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल ने कहा कि करीब एक वर्ष पहले मध्यप्रदेश के संस्कृति सचिव एस. शेखर शुक्ला ने इस संबंध में केंद्र सरकार को पत्र लिखा था और प्रतिमा को लंदन के संग्रहालय से वापस लाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि धार से मूर्ति लाए जाने की बात वहां (लंदन में) स्वीकार कर ली गई है, लेकिन इसकी वापसी भारत और ब्रिटेन के बीच कूटनीतिक प्रयासों की सफलता पर निर्भर करेगी। अग्रवाल ने कहा कि प्रयास करना हमारे हाथ में है। हमारी ओर से प्रयासों में कोई कमी नहीं है। वाग्देवी की प्रतिमा की पहचान को लेकर भी कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रतिमा चिह्नित है और जिस स्थान पर इसे रखा गया है, वहां भी यह स्वीकार किया गया है कि इसे धार से ले जाया गया था। अब यह केवल राजनयिक संबंधों और प्रयासों पर निर्भर करेगा कि हम कितने सफल होते हैं। हमारी ओर से पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। उच्च न्यायालय ने मई के अपने फैसले में कहा था कि परमार वंश के राजा भोज की विरासत से जुड़े इस स्थल पर हिंदू पूजा की परंपरा कभी बाधित नहीं हुई। अदालत ने परिसर में केवल हिंदू पक्ष को पूजा-अर्चना का अधिकार देने की मांग स्वीकार करते हुए एएसआई के सात अप्रैल, 2003 के उस आदेश को भी निरस्त कर दिया था, जिसमें मुस्लिम समुदाय को प्रत्येक शुक्रवार नमाज अदा करने की अनुमति दी गई थी। उच्च न्यायालय ने इस मामले से संबंधित पांच याचिकाओं और एक रिट अपील पर पर फैसला सुनाया।



# महाकाल सवारी मार्ग का दो मंजिला मकान ढहाया

श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने की कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। बाबा महाकाल की सवारी मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने बुधवार को ढाबा रोड स्थित एक खतरनाक जर्जर दो मंजिला (जी+2) भवन को ध्वस्त कर दिया। सावन माह की अभी पांच सवारियां शेष हैं और आगामी सिंहस्थ महापर्व को देखते हुए निगम किसी भी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहता।**

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, भवन लंबे समय से जर्जर हालत में था और उसमें कोई रहवासी नहीं था। सुरक्षा की दृष्टि से पहले पूरे क्षेत्र की बैरिकेडिंग की गई, इसके बाद निगम अमले ने भवन के गिराऊ हिस्सों को हटाने की कार्रवाई की। बताया गया कि महाकाल की पहली सवारी के दौरान मार्ग पर एक भवन से मलबा गिरने की घटना के बाद निगम ने सवारी मार्ग पर स्थित सभी जर्जर भवनों का सर्वे शुरू किया था। उसी क्रम में यह कार्रवाई की गई, ताकि शेष सवारियों के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बताया कि महाकाल सवारी मार्ग पर स्थित जर्जर और जोखिम वाले भवनों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। जिन भवनों से दुर्घटना की आशंका है, उनके असुरक्षित हिस्सों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा मार्ग पर मौजूद अस्थायी अतिक्रमण, सड़क और नालियों से जुड़े अवरोध तथा अन्य संभावित जोखिमों को भी चिन्हित कर समयबद्ध तरीके से दूर किया जा रहा है, ताकि सवारी और सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



## संपादकीय

### संयम, संवाद और अधिकार : विरोध प्रदर्शनों पर सुप्रीम कोर्ट का संदेश

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि विरोध-प्रदर्शनों में पुलिस को संयम बरतना चाहिए। कुछ गुमराह तत्व पथराव भी करें, तब भी युवाओं को शांत करने और सही सलाह देने की जरुरत है। उनकी बात सुनिए और समझिए कि वे क्यों आवाज उठा रहे हैं। कोर्ट ने 20 जुलाई के 'संसद चलो' मार्च के आयोजकों के खिलाफ कथित हिंसा भड़काने के आरोप में कार्रवाई की मांग वाली याचिका को इस विषय से जुड़ी लंबित याचिकाओं के साथ टैग कर दिया। याची ने कहा कि सरकारों को प्रदर्शनकारियों के दबाव में जरुरत से ज्यादा नहीं झुकना चाहिए। ये खतरनाक मिसाल होगी। कल 'जनरेशन अल्फा, बीटा, डेल्टा' आएंगी। कोर्ट ने कहा, भले कुछ गुमराह तत्व पत्थर फेंके, युवाओं को शांत करने और उन्हें सही सलाह देने की जरुरत है। उत्पीड़न के आरोप राहुल गांधी प्रदर्शनकारियों को साथ लाए। पुलिस कार्रवाई, उत्पीड़न, सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी पर सवाल उठाए। कुछ प्रदर्शनकारियों के साथ कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राहुल ने कहा, उन युवाओं का धन्यवाद, जिन्होंने एजुकेशन सिस्टम और संविधान की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी। इन्होंने किसी के साथ हिंसा नहीं की, फिर भी इनका उत्पीड़न हो रहा है। मुंबई में पुलिस वैन के सामने खड़े होकर वायरल हुईं रिया अहीर ने कहा, जो भी मैंने किया, उस वजह से मुझे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। मैं इसे ट्रोलिंग नहीं कहूंगी, यह एक अपराध है। पेलेट गन से घायल होने का दावा करने वाली दिल्ली की नूतन टोप्पो ने कहा, मैं पीछे हटने वाली नहीं हूं। अपने अधिकारों के लिए खड़ी रहूंगी।

## धर्म-कर्म

# कब है सावन की कामिका एकादशी?

हमारे धर्म ग्रंथों में इस एकादशी का विशेष महत्व बताया गया है. यह व्रत पापों से मुक्ति दिलाने वाला और पुण्य बढ़ाने वाला माना गया है. महाभारत काल में युधिष्ठिर ने भगवान कृष्ण से कामिका एकादशी के महत्व के बारे में पूछा था. तब भगवान कृष्ण ने बताया कि श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को कामिका एकादशी कहा जाता है. इस दिन जो भक्त व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा करते हैं, उन्हें यज्ञ के समान फल प्राप्त होता है. यह व्रत पवित्र तीर्थ में स्नान के बराबर फल देने वाला माना गया है और सभी पापों को नष्ट करने की शक्ति रखता है.

यह एकादशी इतनी प्रभावशाली मानी गई है कि बड़े से बड़े पाप भी इसके व्रत से समाप्त हो जाते हैं. जो लोग इस व्रत को श्रद्धा से करते हैं, उन्हें विष्णु लोक की प्राप्ति होती है. इस दिन तुलसी का पूजन अवश्य करना चाहिए और भगवान विष्णु को तुलसी दल अर्पित करना बहुत जरूरी है. रात के समय भगवान विष्णु के मंदिर में घी का दीपक जलाने का भी विशेष महत्व है. आइए पंडित प्रवीण मिश्र से जानते हैं कामिका एकादशी की सही तिथि.



### कामिका एकादशी 2026 शुभ मुहूर्त

एकादशी तिथि की शुरुआत 8 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 59 मिनट से होगी और यह तिथि 9 अगस्त को सुबह 11 बजकर 03 मिनट पर समाप्त हो जाएगी. उदया तिथि के अनुसार, 9 अगस्त 2026 को कामिका एकादशी मनाई जाएगी. इसी दिन आपको व्रत रखना है. व्रत का पारण अगले दिन 10 अगस्त 2026 को सुबह 5:50 बजे से 8:00 बजे के बीच किया जा सकता है.

### कामिका एकादशी 2026 पूजन विधि

एकादशी के दिन सुबह सूर्योदय से पहले उठें, स्नान करें और घर के मंदिर की सफाई करें. एक चौकी पर पीला कपड़ा बिछाकर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का चित्र या मूर्ति स्थापित करें. गंगाजल से स्नान कराएं, पुष्प अर्पित करें, तिलक लगाएं, अक्षत चढ़ाएं और आरती करें. इसके बाद तुलसी की माला से ऊं नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करें. यदि समय कम हो तो कम से कम 11 माला का जाप अवश्य करें. भगवान विष्णु को फल का भोग लगाएं और उसमें तुलसी दल अवश्य रखें. बिना तुलसी के भोग भगवान स्वीकार नहीं करते, इसलिए इसका विशेष ध्यान रखें. एकादशी के दिन फलाहार करना उत्तम माना जाता है. शाम को भगवान विष्णु के मंदिर में दीपक जलाएं और उनके नाम का संकीर्तन करें. अगले दिन स्नान के बाद पुनः पूजा करें और फिर व्रत का पारण करें. इस विधि से व्रत करने से जीवन में सुख, धन और यश की वृद्धि होती है तथा पापों से मुक्ति मिलती है.

### कामिका एकादशी पर करें ये काम

अपने मन, कर्म और वचन को शुद्ध रखें. मन को शुद्ध रखने के लिए भगवान के नाम का लगातार स्मरण करें, जैसे हरे कृष्ण, हरे राम या श्रीराम. अपने कर्म अच्छे रखें, किसी को दुख न दें और किसी के साथ गलत व्यवहार न करें. वचन में मधुरता रखें, कटु भाषा और गाली-गलौज से बचें. यथाशक्ति दान अवश्य करें, जैसे फल आदि का दान. अपने बजट के अनुसार दान करना भी पुण्यदायी होता है. पूरे श्रद्धा और भक्ति के साथ व्रत करने से भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है. कलियुग में भी अनेक भक्तों को भगवान की कृपा प्राप्त हुई है, इसलिए हम सभी को इस पवित्र एकादशी का लाभ अवश्य उठाना चाहिए.

# दूसरों का दर्द समझने वाला ही होता है सबसे बड़ा विद्वान

### आचार्य नागार्जुन का प्रेरक प्रसंग

आयुर्वेद के प्रसिद्ध आचार्य नागार्जुन को अपनी प्रयोगशाला में कार्य करने के लिए एक सहायक की आवश्यकता थी। उन्होंने नौकरी के इच्छुक कई उम्मीदवारों को बुलावा भेजा और उन सबकी परीक्षा लेकर उन्होंने दो उम्मीदवारों को चुना। दोनों ही उम्मीदवार बुद्धिमान व मेहनती लग रहे थे। दोनों में से किसे चुना जाए यह एक गंभीर प्रश्न था। बहुत सोच-विचार कर आचार्य ने दोनों युवकों को एक पदार्थ देकर दो दिन का समय देते हुए घर से रसायन तैयार करके लाने के लिए कहा। दो दिन बाद दोनों युवक आचार्य के पास पहुंचे।



आचार्य ने उन्हें देखते ही रसायन के विषय में पूछा तो पहले युवक ने कहा, ''गुरुजी, आपके कहे अनुसार मैंने घर पर रसायन तैयार कर लिया। हालांकि घर में कई तरह की बाधाएं आईं। मेरी मां तेज बुखार से पीड़ित थीं। पिता को भीषण पेट दर्द शुरू हो गया। संयोग कहिए कि बाहर खेलते हुए कल ही छोटे भाई के पैर की हड्डी टूट गई, फिर भी मैंने किसी बात की परवाह नहीं की। पूरी एकाग्रता से अपने काम में लगा रहा और आखिरकार यह रसायन तैयार कर ही लिया।''

पहले शिष्य की बात सुनने के बाद आचार्य ने मायूसी से सिर झुकाए दूसरे युवक की ओर देखा तो वह नम्रता से बोला, ''आचार्य जी, माफी चाहता हूं। मैं अपना काम नहीं कर सका, क्योंकि मेरे पड़ोस में रहने वाली एक वृद्ध महिला बहुत बीमार थी। उसकी सेवा करने वाला कोई नहीं था। सो मैं उसकी सेवा में लगा रहा।''

इतना सुनते ही आचार्य खुश हो गए। वह युवक को शाबाशी देते हुए बोले, ''तुम्हीं सही उम्मीदवार हो। रसायन जीवन की रक्षा के लिए होता है और इसे वही बना सकता है जो दूसरों के दुख-दर्द पहचानने की क्षमता रखता हो।''

New Delhi

# जंतर मंतर पहुंच गए थे बम, छात्रों पर होने वाला था आतंकी हमला, ISI की साजिश

**नई दिल्ली।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित और सीमा पार के निर्देशों पर संचालित दो आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। अब इस कार्रवाई के एक दिन बाद बुधवार को दावा किया कि इनमें से एक मॉड्यूल ने हाल ही में दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए छात्र आंदोलन को भी निशाना बनाने की योजना बनाई थी। साथ ही इसके सदस्य जरूरी मदद और पेट्रोल बम बनाने का सामान लेकर उस जगह तक भी गए थे। पुलिस ने मंगलवार को दावा किया था कि उसने एक अभियान में चार नाबालिग समेत नौ आरोपियों को पकड़ा है और उनके कब्जे से हथियार व गोला-बारूद



बरामद किया है। अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि आईएसआई समर्थित एक आतंकियों के आका ने विरोध प्रदर्शन के दौरान आतंकी मॉड्यूल के कुछ सदस्यों को जंतर-मंतर भेजा था। भुल्लर ने फोन पर 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'इसमें योजना को अमली जामा पहनाने में आईएसआई समर्थित एक आतंकी हैंडलर (आका) ने मदद की थी और मॉड्यूल के कुछ सदस्य जंतर-मंतर पर चल रहे विरोध-प्रदर्शन के दौरान वहां गए थे। उन्हें अपने आका के जरिये संभावित हमले के लिए संभावित सहायता और पेट्रोल बम बनाने का सामान मिला था, लेकिन वे अपनी योजना को अंजाम नहीं दे पाए और हाल ही में मॉड्यूल का भंडाफोड़ होने पर इसके सदस्यों को पकड़ लिया गया।'

Telangana

## जुए में लाखों गंवाने के बाद CA ने चुना खौफनाक रास्ता, हीलियम गैस सूंघकर होटल के कमरे में दी जान



**हैदराबाद, (एजेंसी)** तेलंगाना के सिद्धिपेट जिले से एक बेहद दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां 33 वर्षीय एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA) ने कथित तौर पर हीलियम गैस सूंघकर अपनी जान दे दी। पुलिस के मुताबिक युवक जुए की लत का शिकार था और लगातार हो रहे भारी आर्थिक नुकसान से परेशान चल रहा था। उसका शव सिद्धिपेट के एक होटल के कमरे से बरामद किया गया। कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उसने अपनी मौत के लिए जुए में हुए नुकसान को जिम्मेदार बताया है।

पुलिस के अनुसार मृतक सिद्धिपेट जिले का रहने वाला था और हैदराबाद की एक निजी फर्म में चार्टर्ड अकाउंटेंट के तौर पर काम करता था। शुरुआती जांच में सामने आया है कि वह लंबे समय से जुए की लत से जूझ रहा था। इस लत की वजह से उसे भारी आर्थिक नुकसान हुआ। परिवार ने उसकी आर्थिक मदद करने की कोशिश भी की, लेकिन हालात इतने खराब हो गए कि उसे अपना हैदराबाद स्थित फ्लैट तक बेच देना पड़ा। इसके बावजूद वह आर्थिक संकट से बाहर नहीं निकल सका। जांच में पुलिस को पता चला कि युवक ने आत्महत्या की पूरी तैयारी पहले से की थी। उसने हैदराबाद के बालानगर इलाके से एक हीलियम गैस सिलेंडर और उससे जुड़ा जरूरी उपकरण खरीदा। इसके बाद उसने इंटरनेट और यूट्यूब पर हीलियम गैस से आत्महत्या करने के तरीके से जुड़े वीडियो देखे।

Maharashtra

## मुंबई में लाउड म्यूजिक को लेकर विवाद, चाकू से हमले में पिता-पुत्र की मौत, दो घायल

**मुंबई.** मुंबई के विक्रोली पश्चिम इलाके में तेज म्यूजिक बजाने को लेकर हुए विवाद के चलते चाकू से हमला किए जाने की खबर सामने आई है. इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि चाकू से हुए हमले में 40 साल के सुनील विश्वकर्मा और उनके 14 साल के बेटे श्लोक की जान चली गई. गुरुवार को पार्कसाइट पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले राहुल नगर में यह वारदात हुई. बताया जा रहा है कि घटना के बाद सुनील विश्वकर्मा और उनके बेटे श्लोक विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए और राजावाड़ी अस्पताल में इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. सुनील की पत्नी अंजू विश्वकर्मा और छोटे बेटे विवान विश्वकर्मा को भी चाकू से चोटें आई और उनका इलाज चल रहा है. शुरुआती जांच से पता चला है कि यह घटना परिवार के सदस्यों के बीच तेज आवाज में संगीत बजाने पर आपत्ति जताने के बाद हुए झगड़े के कारण हुई. झगड़े के दौरान परिवार के कई लोगों पर लात-घूंसों और चाकू से हमला किया गया. पार्कसाइट पुलिस ने दो आरोपियों, सुरेंद्र विश्वकर्मा और सूरज विश्वकर्मा को हिरासत में लिया है.

Uttarpradesh

## प्रतापगढ़ में बारिश के दौरान ढहा 100 साल पुराना घर, एक ही परिवार के छह सदस्यों की मौत, एक घायल

**प्रतापगढ़, (एजेंसी)** कोतवाली पुलिस स्टेशन इलाके के महूली मोहल्ले में भारी बारिश के दौरान लगभग 100 साल पुराना एक घर ढह गया, जिससे एक ही परिवार के छह सदस्यों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि जब घर का ढांचा गिरा, तो परिवार के सभी सात सदस्यएक ही कमरे में सो रहे थे और मलबे के नीचे दब गए। बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे, पीड़ितों को बाहर निकाला और घायल सदस्य को अस्पताल में भर्ती कराया। मरने वालों में एक दंपती, उनका बेटा, बहू और दो बच्चे शामिल हैं। स्थानीय पुलिस ने घटना की पुष्टि की है। जानकारी के अनुसार महुली गांव निवासी प्रमोद श्रीवास्तव का मकान काफी पुराना



और जर्जर हालत में था। गुरुवार तड़के करीब दो बजे अचानक मकान भरभराकर गिर गया। घटना के समय परिवार के लोग घर के अंदर सो रहे थे। मकान गिरने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग जाग गए और मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचना दी।

खेल

BWF चैंपियनशिप

## आयुष शेट्टी की पहले ही दौर में मौजूदा चैंपियन शी यूकी से भिड़ंत, सिंधू-लक्ष्य को आसान शुरुआत

**नई दिल्ली। बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के ड्रॉ में भारतीय खिलाड़ियों को मिला-जुला मुकाबला मिला है। एशियन चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता आयुष शेट्टी को पहले ही दौर में मौजूदा विश्व चैंपियन और चीन के स्टार शी यूकी का सामना करना होगा। वहीं, पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन को शुरुआती दौर में अपेक्षाकृत आसान प्रतिद्वंद्वी मिले हैं। 17 से 23 अगस्त तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होने वाली इस प्रतियोगिता की मेजबानी भारत 17 साल बाद कर रहा है।**




पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु अपने अभियान की शुरुआत आयरलैंड की विश्व नंबर 141 सोफिया नोबेल के खिलाफ करेंगी। सिंधु विश्व चैंपियनशिप में रिकॉर्ड छठा पदक जीतने के इरादे से उतरेंगी। ड्रॉ के अनुसार सिंधु पदक दौर से पहले दुनिया की नंबर एक एन से यंग (दक्षिण कोरिया) और मौजूदा विश्व चैंपियन अकाने यामागुची (जापान) से भिड़ने से बच गई हैं। हालांकि, प्री-क्वार्टर फाइनल में उनका सामना चीन की तीसरी वरीय वांग झी यी से हो सकता है, जबकि क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया की छठी वरीय पुत्री कुसुमा वारदानी चुनौती बन सकती हैं।

2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन पहले दौर में ऑस्ट्रिया के कोलिन्स वेलेंटाइन फिलिमोन से भिड़ेंगे। अगर वह आगे बढ़ते हैं तो प्री-क्वार्टर फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसर्न से संभावित मुकाबला हो सकता है।

भारतीय खिलाड़ियों में सबसे कठिन ड्रॉ आयुष शेट्टी को मिला है। उनका पहले ही मैच में चीन के शीर्ष खिलाड़ी और मौजूदा विश्व चैंपियन शी यूकी से सामना होगा। आयुष अब तक शी यूकी के खिलाफ तीनों मुकाबले हार चुके हैं, लेकिन हालिया मुकाबलों में उन्होंने चीनी खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी है।

पुरुष युगल में पांचवीं वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को पहले दौर में बाय मिला है। दूसरे दौर में उनका मुकाबला स्कॉटलैंड की अलेक्जेंडर डन-एडम प्रिंगल या थाईलैंड की चलोएमपोन चारोएनकिटामोर्न-वोरापोल थोंगसा-'गा की जोड़ी से होगा। प्री-क्वार्टर फाइनल में उनका सामना इंडोनेशिया की 12वीं वरीय रेमंड इंद्रा-निकोलाउस जोआकिम की जोड़ी से होने की संभावना है, जिसने जून में इंडोनेशिया ओपन का फाइनल खेला था।

मुख्य राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद ने ड्रॉ को भारतीय खिलाड़ियों के लिए सकारात्मक बताया। उन्होंने कहा, 'कुल मिलाकर भारतीय नजरिए से यह अच्छा ड्रॉ है। सबसे बड़ा मुकाबला पहले दौर में आयुष शेट्टी और शी यूकी के बीच होगा। आयुष का आक्रामक खेल उन्हें मौका देता है।

सिनेमा

## सलमान खान और बहन अलविरा को कोर्ट का समन, 5 अक्टूबर को पेश होने का आदेश



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान, उनकी बहन अलविरा खान अग्निहोत्री और स्टाइल एंड कंटेंट ज्वैलरी प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टरों को चंडीगढ़ की एक जिला अदालत ने समन जारी किया है। यह मामला 'बीइंग ह्यूमन' ज्वैलरी शोरूम से जुड़े कथित धोखाधड़ी के आरोपों का है। अदालत ने सभी आरोपियों को 5 अक्टूबर को पेश होकर अपना पक्ष रखने के लिए कहा है। यह शिकायत चंडीगढ़ के कारोबारी अरुण गुप्ता ने दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि उन्हें बड़े मुनाफे का भरोसा दिलाकर मनीमाजरा में 'बीइंग ह्यूमन' ज्वैलरी शोरूम खोलने के लिए तैयार किया गया। इसके लिए उन्होंने करीब 3 करोड़ रुपये का निवेश किया। शिकायत के मुताबिक, गुप्ता ने कंपनी के साथ एग्रीमेंट करने के बाद शोरूम तैयार करने में ही करीब 1 करोड़ रुपये खर्च किए। उनका कहना है कि उन्होंने समझौते की सभी शर्तों का पालन किया, लेकिन कंपनी ने वादा किया गया बिजनेस सपोर्ट नहीं दिया। गुप्ता का आरोप है कि फरवरी 2020 से ज्वैलरी सप्लाई करने वाला स्टोर बंद हो गया, जिससे सामान की आपूर्ति रुक गई और कारोबार को भारी नुकसान हुआ। उनका कहना है कि कंपनी से जुड़े लोगों ने गलत जानकारी देकर उन्हें निवेश करने के लिए प्रेरित किया।

## Highlights

1. CJP's Saurav Das claims YouTubers and media channels have broken into his house
2. 5 more students join Mahto on hunger strike in Jharkhand
3. What is 'safe harbour' protection that India warned Meta it could lose?
4. Govt responds after being asked if India is exchanging territory with Myanmar
5. Govt to call special Parliament session to pass delimitation, women's quota bills: Reports
6. Abhijeet Dipke reveals Cockroach Janta Party's future plan, says 'Will work as pressure group'
7. HC says inflation erodes value of maintenance to wife, backs 5% annual hike
8. Cockroach Janta Party to join Jharkhand students' protest: Abhijeet Dipke

# Govt operationalises inventory-based cross-border e-commerce export framework



**NEW DEIHI, (Agency).** The government on Wednesday operationalised inventory-based e-commerce exclusively for exports, requiring interested firms to conduct business through a registered entity as an exporter-on-record (EOR), which can procure goods domestically only against confirmed overseas orders.

"The EOR procures goods from Indian Sellers-on-Record (SORs) against confirmed overseas orders, undertakes exports in its own name, and assumes responsibility for export operations as well as compliance with destination-country requirements," the Ministry of Commerce and Industry said in a statement issued on July 23.

The development is in line with the Foreign Trade Policy (FTP), unveiled on March 31, 2023, which identifies e-commerce as a focus area for amplifying India's exports. "The rapid growth of cross-border e-commerce presents a significant opportunity for Indian manufacturers, artisans and MSMEs (micro, small and medium enterprises) to access global markets," it said.

Following the amendment to the foreign direct investment (FDI) policy through Press Note No. 3 (2026 Series), which permits inventory-based e-commerce operations exclusively for exports, the government has now operationalised the corresponding regulatory framework under the FTP, it added.

Operationalising the framework for inventory-based cross-border e-commerce on August 5, 2026, the ministry said it provides a comprehensive policy and procedural architecture for facilitating inventory-based cross-border e-commerce exports of goods manufactured or produced in India. "The framework enables such exports while safeguarding the interests of Indian sellers," it added.

By leveraging a registered EOR, Indian sellers can access overseas markets while delegating export documentation, customs formalities, destination-country regulatory compliance, product testing and certification, packaging, labelling, fulfilment, logistics and reverse logistics to the entity, it said.

The framework also ensures timely payment to sellers, transparency in overseas sales and clear accountability for export compliance, thereby reducing compliance costs and enabling Indian enterprises to focus on production and innovation while expanding their global market access, it added.

The framework incorporates several safeguards to ensure that the benefits of e-commerce exports accrue to Indian manufacturers and MSMEs while maintaining regulatory oversight, it said.

"Export inventory may be procured only against confirmed export orders, and speculative inventory build-up for export purposes is not permitted. The export inventory must be distinctly identified, segregated and maintained through a digital repository to ensure complete traceability," it said. Further, export inventory cannot be diverted for sale in the domestic market, it added.

### ईओडब्ल्यू छापे में आय से 108% अधिक संपत्ति मिली

# करोड़पति निकला एमवाय हॉस्पिटल का फार्मासिस्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (EOW) इंदौर ने मंगलवार को एमवाय अस्पताल (MYH) में पदस्थ फार्मासिस्ट राकेश गोरखे के ठिकानों पर आय से अधिक संपत्ति के मामले में छापेमारी की।**

शुरुआती जांच में सामने आया कि आरोपी ने सरकारी दवाओं के स्टॉक में कथित गड़बड़ी कर आय से 108 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित की थी। जांच में बिना विभागीय अनुमति थाईलैंड यात्रा करने का भी खुलासा हुआ। छानबीन सुबह 8 बजे से दोपहर करीब 1 बजे तक चली। कार्रवाई पूरी करने के बाद ईओडब्ल्यू की टीम आवश्यक दस्तावेज लेकर लौट गई। तलाशी के दौरान टीम ने घर से करीब 1 लाख रुपए नकद जब्त किए। इसके अलावा संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज और अन्य अहम रिकॉर्ड भी जांच के लिए जब्त किए गए। EOW के अनुसार राकेश गोरखे की साल 2007 में फार्मासिस्ट के पद पर नियुक्ति हुई थी। साल 2015 में उनका मासिक वेतन 18,711 रुपए था, जो 2025 में बढ़कर 54,664 रुपए हो गया। उनकी पत्नी कीर्ति गोरखे वर्ष 2010 से शासकीय दंत चिकित्सालय में लाइब्रेरियन हैं और वर्तमान में उनका मासिक वेतन 42,402 रुपए है। जांच में सामने आया कि जांच अवधि (चेक पीरियड) के दौरान दंपती की कुल वैध आय 1 करोड़ 11 लाख 31 हजार 383 रुपए रही, जबकि उनके पास 2 करोड़ 13 लाख 85 हजार रुपए से अधिक की चल-अचल संपत्ति मिली। यह उनकी वैध आय से करीब 108 प्रतिशत अधिक थी। EOW की कार्रवाई में इंदौर के अलग-अलग इलाकों में स्थित छह संपत्तियों का खुलासा हुआ। इनमें स्कीम नंबर-140 स्थित वृंदावन गार्डन का दो मंजिला मकान, साकार एनआरआई सिटी का बड़ा प्लॉट, साहिल इंद्रांचल होम्स, संघवी रेजीडेंसी और सद्गुरु नंदी विहार में प्लॉट शामिल हैं। इसके अलावा ओमेक्स डेवलपर्स में प्लॉट बुकिंग के लिए 6.70 लाख रुपए का भुगतान भी मिला। छापेमारी के दौरान जब्त पासपोर्ट से पता चला कि राकेश गोरखे अक्टूबर 2023 में बिना विभागीय अनुमति थाईलैंड गए थे। EOW इस विदेश यात्रा पर हुए खर्च का आकलन कर रही है और उसे आरोपी के कुल व्यय में शामिल करेगी। कार्रवाई के दौरान टीम ने छह संपत्तियों के दस्तावेज, बैंक पासबुक, पासपोर्ट और 1.51 लाख रुपए नकद भी जब्त किए। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने कई संपत्तियों की जानकारी अपने विभाग को नहीं दी थी। फिलहाल दस्तावेजों की जांच और संपत्तियों के सत्यापन की कार्रवाई जारी है। एमवाय अस्पताल में पदस्थ फार्मासिस्ट राकेश गोरखे पहले भी विवादों में रह चुके हैं। कुछ महीने पहले उसका अस्पताल के तत्कालीन डीन के निजी सहायक (पीए) भावेश उपाध्याय के साथ विवाद हुआ था। विवाद के दौरान राकेश गोरखे पर बेल्ट से मारपीट करने का आरोप लगा था। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच की थी।



## फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर सहेली को ब्लैकमेल किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** खजराना पुलिस ने सोशल मीडिया पर फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर बदनाम करने और धमकाने के आरोप में एक छात्रा के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी छात्रा अपनी पूर्व की क्लासमेंट को अश्लील मैसेज भेज रही थी और आवाज बदलकर ऑडियो कॉल के जरिए धमकियां भी दे रही थी। पीड़िता की शिकायत पर पहले साइबर पुलिस ने जांच की, जिसके बाद मामला खजराना थाने पहुंचा। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता और आरोपी छात्रा रिया तीन साल तक एक ही स्कूल में साथ पढ़ चुकी हैं। करीब तीन महीने पहले पीड़िता की सगाई हुई थी। इसके बाद उसकी इंस्टाग्राम आईडी पर एक फर्जी अकाउंट से अश्लील और आपत्तिजनक संदेश आने शुरू हो गए। शुरुआत में पीड़िता ने इन संदेशों को नजरअंदाज किया। कुछ समय बाद आरोपी ने पीड़िता की मां और होने वाली सास के बारे में भी आपत्तिजनक बाते करते हुए मैसेज भेजे। लगातार मिल रहे मैसेज से पीड़िता को संदेह हुआ कि यह हरकत कोई परिचित व्यक्ति कर रहा है। इसी दौरान उसी फर्जी इंस्टाग्राम आईडी से ऑडियो कॉल भी आया, जिसमें कॉल करने वाले ने युवक की आवाज निकालकर बात की और धमकियां दीं। परेशान होकर पीड़िता ने साइबर पुलिस से शिकायत की। जांच के दौरान पता चला कि फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर मैसेज और कॉल करने वाली कोई और नहीं, बल्कि उसकी पूर्व क्लासमेट रिया थी। पीड़िता ने जब रिया से इस संबंध में बात की, तो उसने कथित तौर पर उसे धमकाते हुए कहा कि वह उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। साइबर जांच की रिपोर्ट मिलने के बाद खजराना पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर आरोपी छात्रा के खिलाफ ब्लैकमेलिंग, धमकी देने और आईटी एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दस्तक अभियान के दौरान लापरवाही बरतने पर 20 एएनएम को दिया नोटिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** दस्तक अभियान का संचालन जिले में विगत 14 जुलाई से 31 अगस्त 2026 तक किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य बाल एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना, बाल्यकालीन बीमारियों की रोकथाम, 05 वर्ष तक के समस्त बच्चों को स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाएं देना है। इसी तारतम्य में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने दस्तक अभियान की समीक्षा के दौरान यह पाया कि जिले की 20 एएनएम ने अपेक्षा अनुरूप कार्य न करके गंभीर लापरवाही की है। बताया गया कि डीएसएस टूल के माध्यम से अपने निर्धारित क्षेत्र में बच्चों को स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाएं देते हुए बीमार बच्चों को चिन्हाकित भी करना है, किन्तु ऐसा न करते हुए इनके द्वारा गलत एण्ट्री की गई है। जिसके परिणाम स्वरूप 20 ए.एन.एम. को विभाग द्वारा तीन दिवस का वेतन काटते हुए नोटिस जारी किया है तथा सुधार नहीं होने पर आगामी कार्यवाही के रूप में दो वेतनवृद्धि रोकी जायेगी।

ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक
सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें
"एक सलाहकार और शुभचिंतक"
।। बाबापण्डित ।।
(अनुष्ठानिक कार्य एवं हरिकथा प्रेमी)
आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।
- कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -
*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*
*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*
*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*
इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।
कृपया अपनी जिज्ञासा/समाधान हेतु संपर्क करे।
Email - babapandit.in@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक